पत्रांक 3222 दि0-21/09/2026

दिनांक 27.08.2026 को माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पटना की अध्यक्षता में राज्य में चल रहे बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यो की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–

दिनांक 27.08.2026 को माननीय मंत्री, राजस्व एंव भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा विडियो कॉफ्रेन्सिग के माध्यम से की गई जिसमें श्री जय सिंह, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री सुहर्ष भगत, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, श्री सुबोध कुमार, सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप तथा निदेशालय में पदस्थापित नोडल पदाधिकारी तथा राज्य के सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) एवं तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारीगण सम्मिलित हुये।

सर्वप्रथम निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा बैठक में उपस्थित माननीय मंत्री एवं सभी पदाधिकारीगण का स्वागत किया गया एवं राज्य में चल रहे बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यो के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित जिलो में अगस्त तृतीय सप्ताह तक की प्रगति के अनुसार जिलावार एवं शिविरवार रैकिंग (Ranking) निम्नवत् पायी गयी :–

**SPECIAL SURVEY 2026 :: DISTRICT REPORT : August 3rd WEEK PHASE - 1**

| SL No. | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule7) (10%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (10%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (10%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (10%) | | Draft Publication Form-12 (Mauza) (20%) | | Draft Final Publication Form-20 (Mauza)(20%) | | Final Publication Form-25 (Mauza)(20%) | | RANK |
| District | | | | [illegible] | % | [illegible] | % | [illegible] | % | [illegible] | % | [illegible] | % | [illegible] | % | [illegible] | % | |
| SHEIKHPURA | 6 | 6 | 284 | 284 | 100.0% | 284 | 100.00% | 284 | 100.00% | 284 | 100.00% | 284 | 100.00% | 277 | 97.54% | 151 | 53.17% | 1 |
| JEHANABAD | 4 | 4 | 240 | 240 | 100.0% | 240 | 100.00% | 236 | 98.33% | 236 | 98.33% | 224 | 93.33% | 192 | 80.00% | 156 | 64.58% | 2 |
| KATIHAR | 3 | 3 | 178 | 178 | 100.0% | 177 | 99.44% | 175 | 98.31% | 174 | 97.75% | 173 | 97.19% | 151 | 80.90% | 35 | 19.10% | 3 |
| MUNGER | 5 | 5 | 306 | 305 | 99.7% | 305 | 99.67% | 302 | 98.69% | 301 | 98.37% | 299 | 97.71% | 185 | 60.46% | 0 | 0.00% | 4 |
| LAKHISARAI | 5 | 5 | 401 | 401 | 100.0% | 373 | 93.02% | 357 | 89.03% | 329 | 82.04% | 297 | 74.06% | 198 | 49.38% | 124 | 30.92% | 5 |
| ARWAL | 5 | 5 | 312 | 312 | 100.0% | 309 | 99.04% | 266 | 85.26% | 257 | 82.37% | 233 | 74.68% | 132 | 42.31% | 94 | 30.13% | 6 |
| BEGUSARAI | 10 | 10 | 440 | 440 | 100.0% | 403 | 91.59% | 357 | 81.14% | 356 | 80.91% | 330 | 75.00% | 287 | 65.23% | 54 | 12.27% | 7 |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 80 | 100.0% | 72 | 90.00% | 72 | 90.00% | 65 | 81.25% | 51 | 63.75% | 43 | 53.75% | 24 | 30.00% | 8 |
| KHAGARIA | 4 | 4 | 157 | 157 | 100.0% | 152 | 96.82% | 148 | 94.27% | 142 | 90.45% | 114 | 72.61% | 56 | 35.67% | 8 | 5.10% | 9 |
| NALANDA | 9 | 9 | 395 | 395 | 100.0% | 381 | 96.46% | 362 | 91.65% | 356 | 90.13% | 317 | 80.25% | 106 | 26.84% | 2 | 0.00% | 10 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 4 | 281 | 281 | 100.0% | 281 | 100.00% | 225 | 80.07% | 219 | 77.94% | 201 | 71.53% | 97 | 34.52% | 5 | 1.42% | 11 |
| PURNIA | 1 | 1 | 87 | 87 | 100.0% | 87 | 100.00% | 81 | 93.10% | 80 | 91.95% | 70 | 80.46% | 11 | 12.64% | 0 | 0.00% | 12 |
| ARARIA | 2 | 2 | 153 | 153 | 100.0% | 153 | 100.00% | 124 | 81.05% | 123 | 80.39% | 109 | 71.24% | 36 | 23.53% | 2 | 1.31% | 13 |
| MADHEPURA | 4 | 4 | 114 | 114 | 100.0% | 106 | 92.98% | 96 | 84.21% | 84 | 73.68% | 66 | 57.89% | 42 | 36.84% | 6 | 3.51% | 14 |
| KISHANGANJ | 4 | 4 | 451 | 451 | 100.0% | 451 | 100.00% | 311 | 68.96% | 311 | 68.96% | 256 | 56.76% | 121 | 26.83% | 0 | 0.00% | 15 |
| SAHARSA | 3 | 3 | 122 | 122 | 100.0% | 122 | 100.00% | 99 | 81.15% | 98 | 80.33% | 73 | 59.84% | 14 | 11.48% | 0 | 0.00% | 16 |
| SITAMARHI | 4 | 4 | 253 | 253 | 100.0% | 252 | 99.60% | 187 | 73.91% | 187 | 73.91% | 136 | 53.75% | 41 | 16.21% | 4 | 1.58% | 17 |
| SUPAUL | 5 | 5 | 252 | 252 | 100.0% | 211 | 83.73% | 160 | 63.49% | 157 | 62.30% | 137 | 54.37% | 84 | 33.33% | 0 | 0.00% | 18 |
| BANKA | 5 | 5 | 933 | 933 | 100.0% | 809 | 86.71% | 579 | 62.06% | 559 | 59.91% | 432 | 46.30% | 203 | 21.76% | 23 | 0.00% | 19 |
| JAMUI | 3 | 3 | 220 | 220 | 100.0% | 187 | 85.00% | 150 | 68.18% | 117 | 53.18% | 96 | 43.64% | 30 | 7.73% | 14 | 0.00% | 20 |
| Total Count | 89 | 89 | 5659 | 5658 | 100% | 5355 | 95.7% | 4571 | 84.14% | 4435 | 81.21% | 3898 | 71.22% | 2306 | 40.85% | 702 | 12.65% | |

# प्रथम चरण के 20 जिलों के अन्तर्गत शिविरवार (कुल 89 अंचल) रैंकिंग

SPECIAL SURVEY 2026 :: ANCHAL-WISE LOW PERFORMANCE REPORT PHASE-1

| District Name | Total Shivir | Total Mauza | KISTWAR (Mauza) 10% | | KHANAPURI (Mauza) 10% | | FORM-6 ENTRY (Mauza) 10% | | LPM & Form-7 (Mauza) 10% | | Draft Publication Form-12 (Mauza) 20% | | Draft Final Publication Form-20 (Mauza) 20% | | Final Publication Form-25(Mauza) 20% | | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total Mauza | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| मधेपुरा | शंकरपुर | 8 | 8 | 100% | 6 | 75% | 6 | 75% | 4 | 50% | 2 | 25% | 0 | 0% | 0 | 0% | 89 |
| मधेपुरा | गम्हरिया | 10 | 10 | 100% | 10 | 100% | 7 | 70% | 7 | 70% | 1 | 10% | 0 | 0% | 0 | 0% | 88 |
| जमुई | खैरा | 96 | 96 | 100% | 85 | 89% | 55 | 57% | 44 | 46% | 33 | 34% | 5 | 5% | 0 | 0% | 87 |
| सीतामढ़ी | सोनवर्षा | 64 | 64 | 100% | 64 | 100% | 37 | 58% | 41 | 64% | 25 | 39% | 5 | 8% | 0 | 0% | 86 |
| सहरसा | पतरघाट | 15 | 15 | 100% | 15 | 100% | 10 | 67% | 9 | 60% | 5 | 33% | 2 | 13% | 0 | 0% | 85 |
| बांका | कटोरिया | 363 | 363 | 100% | 317 | 87% | 201 | 55% | 194 | 53% | 120 | 33% | 47 | 13% | 0 | 0% | 84 |
| जमुई | लक्ष्मीपुर | 82 | 82 | 100% | 66 | 80% | 61 | 74% | 45 | 55% | 42 | 51% | 8 | 10% | 0 | 0% | 83 |
| सुपौल | प्रतापगंज | 13 | 13 | 100% | 10 | 77% | 7 | 54% | 6 | 46% | 5 | 38% | 4 | 31% | 0 | 0% | 82 |
| लखीसराय | रामगढ़ चौक | 32 | 32 | 100% | 26 | 81% | 23 | 72% | 18 | 56% | 15 | 47% | 4 | 13% | 2 | 6% | 81 |
| बांका | चांदन | 313 | 313 | 100% | 266 | 85% | 174 | 56% | 165 | 53% | 130 | 42% | 52 | 17% | 0 | 0% | 80 |
| जमुई | बरहट | 42 | 42 | 100% | 36 | 86% | 34 | 81% | 28 | 67% | 21 | 50% | 4 | 10% | 0 | 0% | 79 |
| सुपौल | छातापुर | 66 | 66 | 100% | 52 | 79% | 35 | 53% | 35 | 53% | 31 | 47% | 19 | 29% | 0 | 0% | 78 |
| पश्चिम चम्पारण | नौतन | 41 | 41 | 100% | 41 | 100% | 28 | 68% | 25 | 61% | 21 | 51% | 8 | 20% | 0 | 0% | 77 |
| मधेपुरा | सिंहेश्वर | 25 | 25 | 100% | 24 | 96% | 20 | 80% | 17 | 68% | 14 | 56% | 1 | 4% | 0 | 0% | 76 |
| सुपौल | सुपौल | 74 | 74 | 100% | 56 | 76% | 43 | 58% | 43 | 58% | 35 | 47% | 20 | 27% | 0 | 0% | 75 |
| सहरसा | सौरबजार | 51 | 51 | 100% | 51 | 100% | 37 | 73% | 37 | 73% | 25 | 49% | 8 | 16% | 0 | 0% | 74 |
| किशनगंज | कोचाधामन | 150 | 150 | 100% | 150 | 100% | 100 | 67% | 100 | 67% | 79 | 53% | 35 | 23% | 0 | 0% | 73 |
| बेगूसराय | खोदावन्दपुर | 22 | 22 | 100% | 17 | 77% | 20 | 91% | 15 | 68% | 12 | 55% | 4 | 18% | 0 | 0% | 72 |
| सीतामढ़ी | बाजपट्टी | 58 | 58 | 100% | 58 | 100% | 44 | 76% | 44 | 76% | 30 | 52% | 8 | 14% | 0 | 0% | 71 |
| बांका | फुल्लीडुमर | 97 | 97 | 100% | 79 | 81% | 66 | 68% | 65 | 67% | 51 | 53% | 22 | 23% | 0 | 0% | 70 |

SPECIAL SURVEY 2026 :: ANCHAL-WISE REPORT PHASE-1

| District Name | Total Shivir | Total Mauza | KISTWAR (Mauza) 10% | | KHANAPURI (Mauza) 10% | | FORM-6 ENTRY (Mauza) 10% | | LPM & Form-7 (Mauza) 10% | | Draft Publication Form-12 (Mauza) 20% | | Draft Final Publication Form-20 (Mauza) 20% | | Final Publication Form-25(Mauza) 20% | | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total Mauza | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| बेगूसराय | गढ़पुरा | 36 | 36 | 100% | 29 | 81% | 29 | 81% | 22 | 61% | 18 | 50% | 12 | 33% | 0 | 0% | 69 |
| किशनगंज | बहादुरगंज | 105 | 105 | 100% | 105 | 100% | 77 | 73% | 77 | 73% | 60 | 57% | 23 | 22% | 0 | 0% | 68 |
| अररिया | रानीगंज | 86 | 86 | 100% | 86 | 100% | 66 | 77% | 66 | 77% | 54 | 63% | 9 | 10% | 0 | 0% | 67 |
| किशनगंज | ठाकुरगंज | 125 | 125 | 100% | 125 | 100% | 82 | 66% | 82 | 66% | 70 | 56% | 37 | 30% | 0 | 0% | 66 |
| खगड़िया | बेलदौर | 28 | 28 | 100% | 24 | 86% | 26 | 93% | 22 | 79% | 16 | 57% | 5 | 18% | 0 | 0% | 65 |
| बेगूसराय | चेरिया बरियारपुर | 34 | 34 | 100% | 27 | 79% | 29 | 85% | 21 | 62% | 18 | 53% | 14 | 41% | 0 | 0% | 64 |
| खगड़िया | चौथम | 27 | 27 | 100% | 27 | 100% | 25 | 93% | 24 | 89% | 17 | 63% | 1 | 4% | 0 | 0% | 63 |
| सीतामढ़ी | रीगा | 41 | 41 | 100% | 41 | 100% | 31 | 76% | 28 | 68% | 26 | 63% | 10 | 24% | 2 | 5% | 62 |
| सीतामढ़ी | बथनाहा | 90 | 90 | 100% | 89 | 99% | 75 | 83% | 74 | 82% | 54 | 60% | 19 | 21% | 2 | 2% | 61 |
| पश्चिम चम्पारण | मझौलिया | 78 | 78 | 100% | 78 | 100% | 55 | 71% | 54 | 69% | 51 | 65% | 25 | 32% | 0 | 0% | 60 |
| अरवल | कलेर | 60 | 60 | 100% | 57 | 95% | 44 | 73% | 41 | 68% | 33 | 55% | 20 | 33% | 7 | 12% | 59 |
| बेगूसराय | साहेबपुर | 39 | 39 | 100% | 32 | 82% | 37 | 95% | 26 | 67% | 21 | 54% | 17 | 44% | 0 | 0% | 58 |
| लखीसराय | हलसी | 61 | 61 | 100% | 46 | 75% | 54 | 89% | 39 | 64% | 32 | 52% | 19 | 31% | 15 | 25% | 57 |
| सुपौल | त्रिवेणीगंज | 62 | 62 | 100% | 56 | 90% | 42 | 68% | 41 | 66% | 38 | 61% | 28 | 45% | 0 | 0% | 56 |
| खगड़िया | अलौली | 44 | 44 | 100% | 43 | 98% | 39 | 89% | 38 | 86% | 27 | 61% | 10 | 23% | 1 | 2% | 55 |
| सहरसा | सोनवर्षा | 56 | 56 | 100% | 56 | 100% | 52 | 93% | 52 | 93% | 44 | 79% | 4 | 7% | 0 | 0% | 54 |
| किशनगंज | किशनगंज | 71 | 71 | 100% | 71 | 100% | 52 | 73% | 52 | 73% | 48 | 68% | 26 | 37% | 0 | 0% | 53 |
| नालंदा | परबलपुर | 22 | 22 | 100% | 20 | 91% | 20 | 91% | 20 | 91% | 17 | 77% | 3 | 14% | 0 | 0% | 52 |
| नालंदा | सरमेरा | 33 | 33 | 100% | 33 | 100% | 27 | 82% | 27 | 82% | 23 | 70% | 10 | 30% | 0 | 0% | 51 |
| नालंदा | बेन | 32 | 32 | 100% | 31 | 97% | 30 | 94% | 30 | 94% | 23 | 72% | 6 | 19% | 0 | 0% | 50 |
| पूर्णियाँ | बनमनखी | 87 | 87 | 100% | 87 | 100% | 81 | 93% | 80 | 92% | 69 | 79% | 11 | 13% | 0 | 0% | 49 |
| नालंदा | सिलाव | 45 | 45 | 100% | 45 | 100% | 40 | 89% | 38 | 84% | 36 | 80% | 11 | 24% | 0 | 0% | 48 |
| नालंदा | अस्थावाँ | 57 | 57 | 100% | 56 | 98% | 52 | 91% | 50 | 88% | 41 | 72% | 20 | 35% | 0 | 0% | 47 |
| सुपौल | पिपरा | 37 | 37 | 100% | 37 | 100% | 33 | 89% | 32 | 86% | 26 | 70% | 13 | 35% | 0 | 0% | 46 |

## SPECIAL SURVEY 2026 :: ANCHAL-WISE REPORT PHASE-1

| District Name | Total Shivir | Total Mauza | KISTWAR (Mauza) 10% | | KHANAPURI (Mauza) 10% | | FORM-6 ENTRY (Mauza) 10% | | LPM & Form-7 (Mauza) 10% | | Draft Publication Form-12 (Mauza) 20% | | Draft Final Publication Form-20 (Mauza) 20% | | Final Publication Form-25(Mauza) 20% | | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total Mauza | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| पश्चिम चम्पारण | बनपटिया | 71 | 71 | 100% | 71 | 100% | 56 | 79% | 56 | 79% | 52 | 73% | 32 | 45% | 0 | 0% | 45 |
| नालंदा | थरथरी | 30 | 30 | 100% | 26 | 87% | 26 | 87% | 26 | 87% | 22 | 73% | 11 | 37% | 0 | 0% | 44 |
| शिवहर | पीपराही | 24 | 24 | 100% | 21 | 88% | 21 | 88% | 19 | 79% | 13 | 54% | 12 | 50% | 5 | 21% | 43 |
| नालंदा | बिन्द | 35 | 35 | 100% | 35 | 100% | 34 | 97% | 32 | 91% | 30 | 86% | 8 | 23% | 0 | 0% | 42 |
| अरवल | करपी | 84 | 84 | 100% | 84 | 100% | 69 | 82% | 64 | 76% | 58 | 69% | 26 | 31% | 20 | 24% | 41 |
| शिवहर | पुरनहिया | 27 | 27 | 100% | 24 | 89% | 24 | 89% | 20 | 74% | 17 | 63% | 12 | 44% | 6 | 22% | 40 |
| मधेपुरा | कुमारखण्ड | 71 | 71 | 100% | 66 | 93% | 63 | 89% | 56 | 79% | 48 | 68% | 40 | 56% | 0 | 0% | 39 |
| बांका | बाराहाट | 74 | 74 | 100% | 65 | 88% | 60 | 81% | 58 | 78% | 53 | 72% | 41 | 55% | 0 | 0% | 38 |
| पश्चिम चम्पारण | लौरिया | 91 | 91 | 100% | 91 | 100% | 86 | 95% | 84 | 92% | 76 | 84% | 31 | 34% | 0 | 0% | 37 |
| नालंदा | चण्डी | 66 | 66 | 100% | 64 | 97% | 64 | 97% | 64 | 97% | 60 | 91% | 14 | 21% | 0 | 0% | 36 |
| नालंदा | हरनौत | 75 | 75 | 100% | 71 | 95% | 69 | 92% | 69 | 92% | 65 | 87% | 23 | 31% | 0 | 0% | 35 |
| अररिया | भरगामा | 67 | 67 | 100% | 67 | 100% | 58 | 87% | 57 | 85% | 54 | 81% | 33 | 49% | 0 | 0% | 34 |
| बांका | बेलहर | 86 | 86 | 100% | 82 | 95% | 78 | 91% | 77 | 90% | 69 | 80% | 42 | 49% | 0 | 0% | 33 |
| बेगूसराय | डंडारी | 28 | 28 | 100% | 24 | 86% | 26 | 93% | 21 | 75% | 20 | 71% | 20 | 71% | 0 | 0% | 32 |
| लखीसराय | चानन | 68 | 68 | 100% | 68 | 100% | 63 | 93% | 63 | 93% | 50 | 74% | 31 | 46% | 10 | 15% | 31 |
| मुंगेर | टेटिया बम्बर | 60 | 60 | 100% | 60 | 100% | 59 | 98% | 59 | 98% | 58 | 97% | 19 | 32% | 0 | 0% | 30 |
| लखीसराय | लखीसराय | 66 | 66 | 100% | 59 | 89% | 58 | 88% | 51 | 77% | 51 | 77% | 29 | 44% | 23 | 35% | 29 |
| बेगूसराय | बेगूसराय | 73 | 73 | 100% | 73 | 100% | 65 | 89% | 62 | 85% | 58 | 79% | 49 | 67% | 0 | 0% | 28 |
| बेगूसराय | बीरपुर | 36 | 36 | 100% | 33 | 92% | 34 | 94% | 30 | 83% | 29 | 81% | 26 | 72% | 0 | 0% | 27 |
| बेगूसराय | मटिहानी | 58 | 58 | 100% | 55 | 95% | 58 | 100% | 51 | 88% | 48 | 83% | 43 | 74% | 0 | 0% | 26 |
| अरवल | अरवल | 53 | 53 | 100% | 53 | 100% | 47 | 89% | 46 | 87% | 41 | 77% | 25 | 47% | 21 | 40% | 25 |
| मुंगेर | संग्रामपुर | 64 | 64 | 100% | 64 | 100% | 64 | 100% | 64 | 100% | 64 | 100% | 34 | 53% | 0 | 0% | 24 |
| खगड़िया | गोगरी | 58 | 58 | 100% | 58 | 100% | 58 | 100% | 58 | 100% | 53 | 91% | 40 | 69% | 0 | 0% | 23 |
| अरवल | कुर्था | 69 | 69 | 100% | 69 | 100% | 65 | 94% | 65 | 94% | 57 | 83% | 32 | 46% | 26 | 38% | 22 |
| मुंगेर | तारापुर | 74 | 74 | 100% | 74 | 100% | 73 | 99% | 73 | 99% | 73 | 99% | 48 | 65% | 0 | 0% | 21 |

## SPECIAL SURVEY 2026 :: ANCHAL-WISE REPORT PHASE-1

| District Name | Total Shivir | Total Mauza | KISTWAR (Mauza) 10% | | KHANAPURI (Mauza) 10% | | FORM-6 ENTRY (Mauza) 10% | | LPM & Form-7 (Mauza) 10% | | Draft Publication Form-12 (Mauza) 20% | | Draft Final Publication Form-20 (Mauza) 20% | | Final Publication Form-25(Mauza) 20% | | Rank |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total Mauza | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | Mauza | % | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| मुंगेर | बरियारपुर | 44 | 43 | 98% | 43 | 98% | 42 | 95% | 41 | 93% | 40 | 91% | 35 | 80% | 0 | 0% | 20 |
| शिवहर | डुमरी कटसरी | 29 | 29 | 100% | 27 | 93% | 27 | 93% | 26 | 90% | 21 | 72% | 19 | 66% | 13 | 45% | 19 |
| कटिहार | कोढ़ा | 80 | 80 | 100% | 79 | 99% | 77 | 96% | 76 | 95% | 71 | 89% | 63 | 79% | 10 | 13% | 18 |
| अरवल | सोनभद्र वंशी | 46 | 46 | 100% | 46 | 100% | 41 | 89% | 41 | 89% | 37 | 80% | 29 | 63% | 20 | 43% | 17 |
| बेगूसराय | मंसूरचक | 56 | 56 | 100% | 56 | 100% | 55 | 98% | 53 | 95% | 52 | 93% | 49 | 88% | 0 | 0% | 16 |
| मुंगेर | असरगंज | 64 | 64 | 100% | 64 | 100% | 64 | 100% | 64 | 100% | 64 | 100% | 50 | 78% | 0 | 0% | 15 |
| बेगूसराय | शाम्हो अकहा कुरहा | 58 | 58 | 100% | 57 | 98% | 58 | 100% | 55 | 95% | 54 | 93% | 53 | 91% | 0 | 0% | 14 |
| लखीसराय | सूर्यगढ़ा | 174 | 174 | 100% | 174 | 100% | 159 | 91% | 158 | 91% | 147 | 84% | 115 | 66% | 74 | 43% | 13 |
| जहानाबाद | हुलासगंज | 48 | 48 | 100% | 48 | 100% | 47 | 98% | 47 | 98% | 46 | 96% | 32 | 67% | 18 | 38% | 12 |
| कटिहार | फलका | 72 | 72 | 100% | 72 | 100% | 72 | 100% | 72 | 100% | 72 | 100% | 60 | 83% | 12 | 17% | 11 |
| कटिहार | कुर्सेला | 26 | 26 | 100% | 26 | 100% | 26 | 100% | 26 | 100% | 26 | 100% | 21 | 81% | 9 | 35% | 10 |
| जहानाबाद | घोषी | 40 | 40 | 100% | 40 | 100% | 38 | 95% | 38 | 95% | 35 | 88% | 30 | 75% | 24 | 60% | 9 |
| जहानाबाद | मोदनगंज | 55 | 55 | 100% | 55 | 100% | 55 | 100% | 55 | 100% | 51 | 93% | 41 | 75% | 31 | 56% | 8 |
| शेखपुरा | चेवाड़ा | 35 | 35 | 100% | 35 | 100% | 35 | 100% | 35 | 100% | 35 | 100% | 34 | 97% | 12 | 34% | 7 |
| शेखपुरा | अरियरी | 68 | 68 | 100% | 68 | 100% | 68 | 100% | 68 | 100% | 68 | 100% | 65 | 96% | 31 | 46% | 6 |
| शेखपुरा | घाट कुसुम्भा | 24 | 24 | 100% | 24 | 100% | 24 | 100% | 24 | 100% | 24 | 100% | 23 | 96% | 11 | 46% | 5 |
| शेखपुरा | शेखपुरा | 81 | 81 | 100% | 81 | 100% | 81 | 100% | 81 | 100% | 81 | 100% | 81 | 100% | 46 | 57% | 4 |
| शेखपुरा | बरबीघा | 56 | 56 | 100% | 56 | 100% | 56 | 100% | 56 | 100% | 56 | 100% | 54 | 96% | 37 | 66% | 3 |
| जहानाबाद | रतनीफरीदपुर | 97 | 97 | 100% | 97 | 100% | 96 | 99% | 96 | 99% | 91 | 94% | 89 | 92% | 80 | 82% | 2 |
| शेखपुरा | शेखोपुर सराय | 20 | 20 | 100% | 20 | 100% | 20 | 100% | 20 | 100% | 20 | 100% | 20 | 100% | 14 | 70% | 1 |
| | | 5659 | 5658 | 100% | 5355 | 95% | 4625 | 82% | 4435 | 78% | 3869 | 68% | 2293 | 41% | 582 | 10% | |

तत्पश्चात निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित जिलों में प्रपत्र–21 में शून्य आपत्ति प्राप्त मौजो की संख्या 552 है जिसे संबंधित जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा आगामी 02 सप्ताह के अन्दर प्रपत्र–25 में प्रकाशन करने तथा दिनांक 31.10.2026 तक कुल 1356 मौजों का प्रपत्र–25 में प्रकाशन कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके साथ दिनांक 31.10.2026 तक कुल

2058 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–25 में अंतिम अधिकार अभिलेख तथा कुल 3500 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–20 में प्रारूप अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये जाने का लक्ष्य रखा गया।

तदोपरांत दिनांक 15 अगस्त 2026 तक दिये हुये विभागीय लक्ष्यों में प्रपत्र–21 की सुनवाई एवं प्रपत्र–25 का प्रकाशन करने वाले जिले जहानाबाद, अरवल, बेगूसराय के बन्दोबस्त पदाधिकारियों से उनके द्वारा किये गये कार्यो को सभी उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारियों से साझा करने को कहा गया। जिसके आलोक में संबंधित पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अपने जिले में उपलब्ध विशेष सर्वेक्षण अमीनों के लंबित कार्यो की नियमित समीक्षा कर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों को संबद्ध कर एवं प्रत्येक कर्मी/पदाधिकारी हेतु प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर निष्पादित करने हेतु निदेशित किया गया और नियमित रूप से दिये गये लक्ष्यों के आलोक में पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया गया।

सभी उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अपने संबंधित जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य के लंबित प्रक्रमों को पूर्ण करने हेतु कार्य–योजना बनाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

तत्पश्चात् प्रथम चरण के जिलावार रैकिंग के आधार पर समीक्षा की गई :–

1. सर्वप्रथम सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले 03 जिलों यथा जमुई, बांका एवं सुपौल की स्थिति काफी चिंताजनक पायी गयी। समीक्षा के क्रम में अब तक तीनों जिलों में खानापुरी प्रक्रम में (33+124+41 = 198) कुल 198 तथा प्रपत्र–6 में प्रविष्टि हेतु (70+354+92 = 516) कुल 516 राजस्व ग्राम लंबित पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिलों के आवंटित विशेष सर्वेक्षण अमीनों को विशेष सर्वेक्षण के द्वितीय चरण में कार्यरत रहने, सर्वर की समस्या, विभागीय FR आदि अन्य कार्यो में पूर्व में विशेष सर्वेक्षण अमीनों की प्रतिनियुक्ति आदि कारणों से उनके जिलों में सर्वेक्षण का कार्य अपेक्षा के अनुकूल नहीं हो पाया।

   उपरोक्त के आलोक में निम्नांकित निदेश दिये गये :–

   (i). उपलब्ध मानव बल एवं संसाधनों का शत–प्रतिशत उपयोग (Proper utilization of human resourses) सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्य हेतु विस्तृत ग्रामवार कार्य–योजना तैयार करना सुनिश्चित करें।

   (ii) सभी विशेष सर्वेक्षण अमीनों के लंबित कार्यो की समीक्षा कर लक्ष्य का निर्धारण करेंगे तथा उनके कार्यो का प्रतिदिन पदाधिकारी द्वारा अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया जायेगा।

   (iii) प्रतिदिन के कार्य–प्रगति को अभिलिखित कर निदेशालय को सूचित करेंगे।

   (iv) बन्दोबस्त पदाधिकारी जमुई, बांका एवं सुपौल प्रतिदिन सांय 07 से 08 बजे विडियों क्रांफ्रेसिंग के माध्यम से अपने–अपने जिले में विशेष सर्वेक्षण कर्मियों हेतु निर्धारित लक्ष्य के आलोक में उनके द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा करेंगे।

उक्त आयोजित होने वाले विडियों क्रांफ्रेसिंग से संबंधित लिंक को बैठक के 03 घंटा पूर्व निदेशालय एवं विभाग को साझा करेंगे। उक्त बैठक में यथा संभव माननीय मंत्री, सचिव, निदेशक एवं निदेशालय के संबंधित नोडल पदाधिकारी भी जुड़कर समीक्षा का अनुश्रवण करेंगे।

(v) यदि लंबित कार्यो को पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त मानव–बल की आवश्यकता हो तो उसे पत्र के माध्यम से सकारण निदेशालय को सूचित करेंगे। निदेशालय स्तर से प्राप्त अनुरोध पर अविलंब अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

**(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई, बांका एवं सुपौल / स्थापना शाखा / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी )**

2. समीक्षा के क्रम में किशनगंज जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य में अब तक 140 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–06 में प्रविष्टि लंबित पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि लगभग 07 लाख खेसरों की प्रविष्टि लंबित है जिसे विशेष अभियान चलाकर प्रतिदिन 60 प्रविष्टि प्रति विशेष सर्वेक्षण अमीन को लक्ष्य देकर पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है।

उक्त के आलोक में संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी को मिशन मोड में जिले में कार्यरत विशेष सर्वेक्षण अमीनों को दिये गये लक्ष्यों को बढ़ाकर पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज)**

3. समीक्षा के क्रम में सीतामढ़ी जिला मे चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य में अब तक 66 राजस्व ग्राम प्रपत्र–06 में प्रविष्टि हेतु लंबित पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी द्वारा बताया गया कि 08 मौजा का प्रपत्र–06 मे प्रविष्टि दिनांक 31.08.2026 तक पूर्ण कर लेंगे तथा अन्य 20 मौजों में 02 विशेष सर्वेक्षण अमीन लगाकर कार्य कराये जा रहे है, उन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा।

उक्त के संबंध में लंबित प्रविष्टियों का आकलन कर विशेष सर्वेक्षण अमीनों को संबंद्ध करने तथा उन्हें प्रतिदिन का लक्ष्य देकर उसका नियमित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी)**

4. वैसे जिले जहाँ प्रपत्र–14 मे रैयतों द्वारा प्राप्त दावा / आपत्ति सुनवाई हेतु लंबित है, उन सुनवाई हेतु लंबित दावा / आपत्तियों का जिलावार / अंचलवार / ग्रामवार प्रतिवेदन तैयार कर निदेशालय को दिनांक 31.08.2026 तक उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

यह भी निदेशित किया गया कि निदेशालय में पदस्थापित नोडल पदाधिकारी अपने अपने जिले से प्राप्त उपरोक्त प्रतिवेदन को समेकित कर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

**(अनुपालन : प्रथम चरण के सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी / निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी)**

5. समीक्षा के क्रम में सुपौल जिला में चल रहे सर्वेक्षण कार्यो में प्रपत्र–21 में प्राप्त कुल 11192 आपत्तियों में से 9328, प्रपत्र–14 में कुल प्राप्त 49556 आपत्तियों में से 6162 एवं प्रपत्र–8 में कुल प्राप्त 95461 आपत्तियों में से 7728 दावा/आपत्ति अब तक लंबित पाये जाने के संबंध में बन्दोबस्त पदाधिकारी से रणनीति की पृच्छा किये जाने पर स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया।

उक्त के संबंध में उन्हें निदेश दिया गया कि बन्दोबस्त पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि रैयतों से निर्धारित समय–सीमा बीतने के उपरांत एक भी आपत्ति नही ली गयी/जा रही है। लंबित दावा/आपत्ति की प्रविष्टि हेतु विभागीय सॉफ्टवेयर में कोई लॉक नहीं खुलने की सूचना प्रदत्त कर लंबित कार्यो को पूर्ण करने हेतु अंचलवार सूक्ष्म कार्य–योजना बनाकर पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही अपेक्षित कार्य नहीं करने वाले संबंधित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को चिन्हित कर उनसे कारण पृच्छा कर असंतोषजनक पाये जाने पर अपने सुस्पष्ट मंतव्य सहित अग्रेत्तर अनुशासनिक कार्रवाई हेतु निदेशालय को सूचित करने हेतु निदेशित किया गया है।

यह निदेश सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार हेतु यथावत् रहेगा।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

6. समीक्षा के क्रम में कतिपय जिलों द्वारा प्रपत्र–8, प्रपत्र–14 एवं प्रपत्र–21 में रैयतों से प्राप्त दावा/आपत्ति के सुनवाई हेतु अतिरिक्त राजस्व सेवा के लेवल–07, 09 एवं 11 के अधिकारियों की मांग की गई।

इस संबंध में प्रथम चरण संचालित सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को उनके जिले में लंबित रैयतो से प्रपत्र–8, 14 एवं 21 में दावा/आपत्तियों की समीक्षा कर वर्तमान में पदस्थापित राजस्व अधिकारियों का आंकलन कर यदि आवश्यकता हो तो अतिरिक्त पदाधिकारियों के पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति हेतु याचना पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : प्रथम चरण के सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप)**

7. प्रथम चरण संचालित जिलों के अर्न्तगत मधेपुरा जिला के 02 अंचल शंकरपुर एवं गम्हरिया का राज्य मे सबसे खराब प्रदर्शन पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर बन्दोबस्त पदाधिकारी मधेपुरा द्वारा बताया गया कि गम्हरिया अंचल में शिविर प्रभारी नहीं थे, वर्तमान में सुपौल से स्थानांतरित होकर आये है उनके शिविर के लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिये जायेंगे। तथा शंकरपुर अंचल में 08 मौजा है जिसमें 01 का प्रपत्र–12 में प्रारूप प्रकाशन किया गया, 05 राजस्व ग्राम में संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्त्ता के स्तर पर विगत 01 माह से संबंधित सॉफ्टवेयर में तकनीकी त्रुटि के कारण लंबित बताया गया तथा 02 राजस्व ग्रामों में खानापुरी प्रक्रम चलने की बात बतायी गयी।

उपरोक्त के संबंध में निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी को दिनांक 31.08.2026 तक तकनीकी समस्या का समाधान कराने तथा संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी को संबंधित अंचल में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो के प्रगति में बाधक कारणों को चिन्हित कर उसका निराकरण करने एवं यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया कि जिलान्तर्गत सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मी अपने आवंटित

क्षेत्र में रहकर अपने कार्यो का शत–प्रतिशत निष्पादन करे। यह निदेश सभी अन्य बन्दोबस्त पदाधिकारियों के लिये भी यथावत् रहेगा।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/निदशालय में पदस्थापित मधेपुरा जिले के नोडल पदाधिकारी)**

8. समीक्षा के क्रम में सहरसा जिला के पत्तरघाट अंचल के कुल 15 राजस्व ग्रामों में से अब तक मात्र 10 राजस्व ग्रामों का विभागीय सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–06 की प्रविष्टि पूर्ण पायी गयी।

   इस संबंध में संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी को लंबित कार्यों की समीक्षा कर उक्त के आलोक में संबंधित कर्मियों को दैनिक लक्ष्य का निर्धारण कर नियमित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण कर लंबित कार्यों को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा)**

9. समीक्षा के क्रम में पश्चिम चम्पारण के नौतन अंचल में कुल 41 राजस्व ग्रामों में से मात्र 28 राजस्व ग्रामों का विभागीय सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–06 की प्रविष्टि लंबित पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा लंबित कार्यों को पूर्ण कराने हेतु नियमित समीक्षा की जा रही है, प्रति विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा प्रतिदिन 50–60 प्रविष्टियाँ की जा रही है, आगामी 01 महीने में कार्य पूर्ण करा लेने का आश्वासन दिया गया।

   इस संबंध में संबंधित अंचलों में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण अमीनों द्वारा विगत माह में किये गये कुल प्रविष्टियों की समीक्षा कर कार्य असंतोषजनक पाये जाने वाले कर्मियों पर अनुशासनिक कार्रवाई हेतु निदेशालय को सूचित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण)**

10. समीक्षा के क्रम में पूर्णियाँ जिले के बनमनखी अंचल के कुल 87 राजस्व ग्रामों में से अब तक 06 राजस्व ग्रामों का विभागीय सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–06 की प्रविष्टि लंबित पाये जाने के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) द्वारा बताया गया कि उक्त राजस्व ग्रामों में कुल 42,284 प्रविष्टियाँ लंबित है, जिसे 10 सितम्बर, 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। तदोपरांत सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) द्वारा पूर्णियाँ जिला में नियमित बन्दोबस्त पदाधिकारी नहीं रहने के कारण अग्रेतर कार्य नहीं हो पाने की सूचना प्रदत्त की गई।

    इस संबंध में वैसे जिले जहाँ नियमित बन्दोबस्त पदाधिकारी का पद रिक्त है, की सूची अविलंब उपलब्ध कराने का निदेश माननीय मंत्री महोदय द्वारा दिया गया ताकि उच्च स्तर पर संबंधित जिलों में नियमित बन्दोबस्त पदाधिकारी के पदस्थापन के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

**(अनुपालन : भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

11. समीक्षा के क्रम में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम चरण संचालित जिले यथा बेगूसराय तथा द्वितीय चरण संचालित जिले यथा दरभंगा, बक्सर, समस्तीपुर आदि में उनके जिले से संबद्ध हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा निर्धारित समय–सीमा में विशेष सर्वेक्षण के विभिन्न प्रक्रमों का मानचित्र आपूर्ति नहीं किये जाने की सूचना प्रदत्त की गई।

    इस संबंध में सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों को अपने वर्त्तमान संसाधनों को बढ़ाकर कार्यों में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। साथ ही निदेशालय स्तर से दिनांक–31.08.2026 को सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा संबंधित जिलों में विशेष

सर्वेक्षण प्रक्रमों के मानचित्र उपलब्धता के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार / भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

12. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बदोबस्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण की समीक्षा के क्रम में नवादा, पूर्वी चम्पारण, मधुबनी आदि जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा निदेशालय के स्तर से प्रस्तुत प्रगति संबंधी आंकड़ा से असहमति जतायी गयी।

    उक्त के संबंध में आगामी सभी बैठकों से पूर्व तैयार किये जाने वाले समेकित आकड़ो / प्रतिवेदनों को निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी को अपने–अपने जिले से संबंधित आंकड़ों को सत्यापित कर उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी)**

13. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने–अपने जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण के दोनों चरणों का समान रूप से अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

14. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण संचालित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को माह– दिसम्बर, 2026 तक उनके जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के किस्तवार प्रक्रम को प्रत्येक दशा में पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : विशेष सर्वेक्षण अन्तर्गत द्वितीय चरण संचालित सभी जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

15. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण में संचालित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी को अपने–अपने जिले में चल रहे / पूर्ण किस्तवार प्रक्रम की जाँच बिहार विशेष सर्वेक्षण अधिनियम एवं नियमावली के अर्न्तगत सभी स्तरों (जिला मुख्यालय में पदस्थापित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी / नोडल पदाधिकारी) से करवाना सुनिश्चित करेंगे। निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी उक्त कार्य का नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार / निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी )**

16. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण में संचालित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी को अपने–अपने जिले में चल रहे खानापुरी प्रक्रम में याददाश्त पंजी के लेखन पर विशेष ध्यान देने तथा उक्त पर किसी प्रकार का अधिलेखन (Overwriting) न हो, सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही याददाश्त पंजी लेखन उपरांत उसकी स्कैन प्रति संबंधित सॉफ्टवेयर में ससमय अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे, निदेशित किया गया।

    माननीय मंत्री द्वारा आदेश दिया गया कि निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी उक्त कार्य का नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/ निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी )

17. 15 अगस्त, 2026 तक सर्वेक्षण पूर्ण किये जाने हेतु चयनित 05 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी को प्रत्येक दशा में अपने–अपने जिले में चल रहे सर्वेक्षण कार्यों को माह–नवम्बर, 2026 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : बन्दोबस्त पदाधिकारी, जहानाबाद/अरवल/लखीसराय/शेखपुरा/शिवहर)**

18. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने–अपने जिले के बन्दोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित सभी नियमित पदाधिकारियों को निरंतर क्षेत्र भ्रमण कर चल रहे सर्वेक्षण कार्यों की गुणवत्ता की जाँच हेतु स्थानीय रैयतों से सम्पर्क करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

19. सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के Map Module को नियमित रूप से अद्यतन कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी उक्त कार्य का नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/ निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी )**

20. समीक्षा के क्रम में पाया गया कि हर जिले में शुरूआती चरण (प्रक्रम) में कुछ मौजे पीछे दिख रहे है, उनकी प्रगति पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया ताकि सभी मौजो में चल रहे सर्वेक्षण कार्य को एक साथ पूर्ण किया जा सके।

**(अनुपालन : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार)**

अंत में माननीय मंत्री द्वारा चल रहे सर्वेक्षण कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को शुभकामना देते हुए शेष अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सर्वेक्षण कार्यों को गंभीरता से गुणवत्तापूर्ण रूप से ससमय पूर्ण कराने हेतु निदेशित कर सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

ह0/–

(जय सिंह)

सचिव

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

बिहार, पटना

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**e-Mail**

**स0सं0:– 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे(उ0नि0)–33/2025(खण्ड–I)**

**ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे(उ0नि0)–33/2025(खण्ड–I)**......3222......पटना, दिनांक:.....21/09/26

**प्रतिलिपि** : सभी जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0)/तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21-9-26

**सहायक निदेशक,**

भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे(उ0नि0)–33 / 2025(खण्ड–I) 3222 पटना, दिनांक: 21/09/2026

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय गुलजारबाग / उप सचिव / सहायक निदेशक / सभी प्रशाखा पदाधिकारी / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / श्री अनुपम प्रकाश, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी / प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप विभागीय बेवसाई पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21-9-26

सहायक निदेशक,

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे(उ0नि0)–33 / 2025(खण्ड–I) 3222 पटना, दिनांक: 21/09/2026

**प्रतिलिपि** : सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / समाहर्त्ता को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21-9-26

सहायक निदेशक,

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे(उ0नि0)–33 / 2025(खण्ड–I) 3222 पटना, दिनांक: 21/09/2026

**प्रतिलिपि** : निदेशक कोषांग को सूचनार्थ प्रेषित।

21-9-26

सहायक निदेशक,

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे(उ0नि0)–33 / 2025(खण्ड–I) 3222 पटना, दिनांक: 21/09/2026

**प्रतिलिपि** : सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21-9-26

सहायक निदेशक,

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0(6)विशेष सर्वे(उ0नि0)–33 / 2025(खण्ड–I) 3222 पटना, दिनांक: 21/09/2026

**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21-9-26

सहायक निदेशक,

भू–अभिलेख एवं परिमाप